भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3078

13 दिसंबर, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

अंग प्रत्यारोपण

3078: श्री यूसुफ पठान:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान देश में राज्यवार और वर्षवार कितने अंग प्रत्यारोपण किए गए;

(ख) उनमें से देश में सरकारी और निजी अस्पतालों में कितने प्रत्यारोपण किए गए हैं; और

(ग) वर्तमान में देश में सरकारी और निजी अस्पतालों में हृदय, फेफड़े और गुर्दा प्रत्यारोपण की लागत का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) से (ग): पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए अंग प्रत्यारोपणों की वर्षवार संख्या अनुलग्नक-I में दी गई है।

जिन राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों ने देश में सरकारी और निजी अस्पतालों में अलग-अलग किए गए प्रत्यारोपणों की संख्या की रिपोर्ट दी है, उनकी जानकारी अनुलग्नक-II में दी गई है।

हृदय, फेफड़े और गुर्दा प्रत्यारोपण की लागत अस्पताल-दर-अस्पताल अलग-अलग होती है, जो प्रदान की गई सुविधाओं और विभिन्न अन्य कारकों पर निर्भर करती है। हालांकि, लाभार्थियों के उपचार के लिए सीजीएचएस के तहत हृदय, फेफड़े और गुर्दा प्रत्यारोपण की दरें बताई गई हैं, जो इस प्रकार हैं: फेफड़े प्रत्यारोपण - 25 लाख रुपये; हृदय प्रत्यारोपण - 15 लाख रुपये; हृदय और फेफड़े प्रत्यारोपण (संयुक्त) - 35 लाख रुपये; गुर्दा प्रत्यारोपण (संबंधित) गैर-एनएबीएच / एनएबीएच - 2,00,000/- रुपये / 2,30,000/- रुपये; गुर्दा प्रत्यारोपण (असंबंधित) इम्यूनोसप्रेसेंट थेरेपी सहित गैर-एनएबीएच/एनएबीएच - 3,00,000/- रुपये / 3,45,000/- रुपये।

साथ ही, जहां तक केंद्र सरकार के अस्पतालों का संबंध है, अंग प्रत्यारोपण की लागत आमतौर पर या तो निःशुल्क होती है या सब्सिडी वाली होती है। इसके अलावा, आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के तहत, सूचीबद्ध अस्पतालों में गुर्दा प्रत्यारोपण के लिए विभिन्न पैकेज उपलब्ध हैं।

****

अनुलग्नक-I

पिछले तीन वर्षों के दौरान राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा सूचित किए गए अंग प्रत्यारोपणों की संख्या

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021	2022	2023
1	अंडमान निकोबार द्वीप	0	0	0
2	आंध्र प्रदेश	260	374	467
3	अरुणाचल प्रदेश	0	0	0
4	असम	38	64	58
5	बिहार	25	22	25
6	चंडीगढ़	195	228	336
7	छत्तीसगढ़	32	75	74
8	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	0	0	0
9	दिल्ली	1773	3818	4426
10	गोवा	8	3	6
11	गुजरात	800	1077	1054
12	हरियाणा	905	81	94
13	हिमाचल प्रदेश	2	2	0
14	जम्मू और कश्मीर	21	52	51
15	झारखंड	2	7	8
16	कर्नाटक	494	837	1218
17	केरल	1035	1472	1437
18	लद्दाख	0	0	0
19	लक्षद्वीप	0	0	0
20	मध्य प्रदेश	180	243	290
21	महाराष्ट्र	1307	1525	1919
22	मणिपुर	10	17	43
23	मेघालय	0	0	0
24	मिजोरम	0	0	0
25	नागालैंड	0	0	0
26	ओडिशा	125	178	197
27	पुदुचेरी	24	38	67
28	पंजाब	484	535	604
29	राजस्थान	407	604	744
30	सिक्किम	0	0	0
31	तमिलनाडु	1665	2245	2428
32	तेलंगाना	1137	1179	1301
33	त्रिपुरा	0	0	0
34	उत्तर प्रदेश	510	233	434
35	उत्तराखंड	3	4	26
36	पश्चिम बंगाल	817	1128	1071
	कुल	**12259**	**16041**	**18378**

अनुलग्नक-II

राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा दी गई सूचना के अनुसार सरकारी और निजी अस्पतालों में किए गए प्रत्यारोपणों की संख्या

क्रम सं.	राज्य/संघ राज्य क्षेत्र	2021		2022		2023	
		सरकारी	निजी	सरकारी	निजी	सरकारी	निजी
1	असम	-	-	11	36	15	43
2	आंध्र प्रदेश	3	260	1	380	20	450
3	चंडीगढ़	195	0	228	0	339	0
4	छत्तीसगढ़	-	-	2	78	15	57
5	दिल्ली एनसीआर	-	-	423	3395	455	3971
6	दादरा और नगर हवेली एवं दमन और दीव	0	0	0	0	0	0
7	गोवा	2	6	0	4	3	3
8	गुजरात	364	436	481	596	440	624
9	हरियाणा	0	84	0	81	0	94
10	हिमाचल प्रदेश	2	0	0	0	0	0
11	जम्मू और कश्मीर	21	0	53	0	51	0
12	केरल	50	1098	84	1358	91	1334
13	मध्य प्रदेश	2	178	3	245	5	285
14	मणिपुर	-	-	0	17	0	25
15	ओडिशा	12	112	17	162	23	191
16	पुदुचेरी	-	-	29	8	49	12
17	पंजाब	0	486	0	547	0	491
18	राजस्थान	53	354	73	530	82	727
19	तमिलनाडु	13	365	151	727	253	682
20	तेलंगाना	67	409	53	474	70	481
21	उत्तर प्रदेश	109	137	140	158	171	224
22	उत्तराखंड	0	3	0	19	2	15
23	पश्चिम बंगाल	55	764	75	1028	67	992
कुल		**948**	**4692**	**1824**	**9843**	**2151**	**10701**

*****